**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2137**

**29 अगस्त, 2013 को उत्तर के लिए**

## इस्पात संयंत्रों में कर्मचारी

2137. डॉ. भूषण लाल जांगडे:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, जांजगीर, चांपा जिलों में अवस्थित इस्पात संयंत्रों में कार्यरत छत्तीसगढ़ के लोगों की इस्पात संयंत्र-वार संख्या कितनी-कितनी है, उनकी संबंधित श्रेणियों सहित उनकी संख्या की प्रतिशतता कितनी-कितनी है; और

(ख) क्या यह सच है कि नलवा इस्पात संयंत्र, तराईमाल और जिन्दल इस्पात संयंत्र, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के लोगों को काफी कम संख्या में नौकरी पर रखा गया है ?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) और (ख): सार्वजनिक क्षेत्र में इस्पात निर्माण की दो कंपनियां हैं नामश: स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, जंजगिर, चम्पा जिलों में न तो सेल और न ही आरआईएनएल ने इस्पात संयंत्र स्थापित किए हैं। इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। निजी क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों में मानव संसाधनों की भर्ती और तैनाती के निर्णय संबंधित कंपनी के स्वामी/प्रवर्तक द्वारा अपनी तकनीकी एवं वित्तीय आवश्यकताओं के आधार पर लिए जाते हैं। इसलिए, निजी क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों में छत्तीसगढ़ के रोजगार प्राप्त लोगों की सूचनाएं इस्पात मंत्रालय में नहीं रखी जाती हैं।

***********